प्रस्ताव **38** **शिक्षा और शुरुआती बचपन के कार्यक्रमों में धन लगाने के लिए कर। पहल अधिनियम।**

## ★ प्रस्ताव 38 के पक्ष में तर्क ★

शिक्षा हमारा भविष्य है क्योंकि बच्चे हमारे भविष्य हैं। गुणवत्तायुक्त स्कूलों के बगैर, हमारे राज्य में कुशल कार्यबल की कमी रहेगी जो हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने और रोजगार पैदा करने के लिए आवश्यक है।

हमारे स्कूलों में निवेश करने की बजाय, दोनों दलों के राजनीतिक इसमें कटौती करते रहे हैं। सन 2008 से वे स्कूल बजट में $20 बिलियन तक कटौती कर चुके हैं। 40,000 हजार से ज्यादा शिक्षक हटाए जा चुके हैं, और कैलीफोर्निया में अब देश की सबसे बड़े आकार की कक्षाएं हैं।

**स्कूल को धन देना बहाल करें और उनमें विस्तार करें।**

प्रस्ताव 38 स्कूलों को फिर से प्राथमिकता देता है। यह पूर्ण विकसित शिक्षा की बहाली और शैक्षिक परिणामों को सुधारने के लिए गारंटीयुक्त धन मुहैया कराता है।

यह नामांकन के आधार पर स्थानीय स्कूलों को बारह साल तक $10 बिलियन सालाना के औसत से कई बिलियन डॉलर की गारंटी देता है।

स्कूल स्थल कक्षा का आकार कम करने या कला, संगीत, गणित, विज्ञान, व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा तथा कॉलेज की तैयारी के लिए धन का उपयोग कर सकते हैं—जो विभिन्न स्कूलों की भिन्न आवश्यकताओं पर आधारित है।

*जानें प्रस्ताव 38 आपके समुदाय में कितना धन सीधे स्कूलों को भेजता है: www.moneyforlocalschools.org/restore.*

**और कटौती को रोकता है।**

प्रस्ताव 38 सन 2016–17 तक सालाना $3 बिलियन अलग निकाल कर ज्यादा बजट कटौतियों पर रोक लगाने में और राज्य शिक्षा बांड कर्ज का भुगतान करके राज्य के घाटे को कम करने में मदद करता है।

**बच्चों को सफलता के लिए तैयार करता है।**

प्रस्ताव 38 बजट में कटौती बहाल करने, शुरुआती बचपन की शिक्षा, गुणवत्ता में सुधार, और प्री स्कूल में पहुंच के विस्तार के लिए सालाना $1.1 बिलियन से ज्यादा उपलब्ध कराता है।

**हमारे स्कूलों में निवेश करने के लिए एक सही साझेदारी वाला तरीका।**

कैलीफोर्नियाई होने के नाते हम सभी को हमारे स्कूलों को सुधारने के लिए कुछ सहयोग करना चाहिए क्योंकि लाभ में हम सभी का हिस्सा होगा। बेहतर स्कूल हमारे राज्य की अर्थव्यवस्था में सुधार और जीवन में गुणवत्ता लाएंगे।

प्रस्ताव 38 सभी कटौतियों के बाद आय पर राज्य कर की दरों को बढ़ाते हुए स्कूलों को धन देना बहाल करने के लिए सालाना $10 बिलियन उपलब्ध कराता है। इसमें भुगतान की क्षमता के आधार पर सरकने वाले पैमाने का उपयोग किया जाता है। सबसे धनी करदाता सबसे अधिक भुगतान करते हैं, $2.5 मिलियन आय वाले व्यक्तियों के लिए कर की दर 2.2% होती है। निचली सीमा पर, $25,000 से कम आय वाले करदाता सालाना औसतन $7.00 भुगतान करेंगे।

*प्रस्ताव 38 आप जैसे करदाताओं को कैसे प्रभावित करता है, सीखें: www.moneyforlocalschools.org/taxcalculator.*

**अभिभावकों और करदाताओं को पांच गारंटी:**

- *विधानमंडल धन को छू नहीं सकता।* प्रस्ताव 38 विधानमंडल को इस धन को दूसरे मद में ले जाने या उधार लेने से **रोकता है**, और यह स्कूलों को प्राप्त मौजूदा धन की जगह नये धन का इस्तेमाल नहीं कर सकता।
- *स्कूल को धन प्रत्येक स्कूल को प्रति शिष्य के हिसाब से मिलना* ***चाहिए*** *और स्कूल पर ही खर्च होना चाहिए।* इस धन की आडिट होगी और गलत आवंटन का कोई भी प्रयास एक बड़ा अपराध है जिसमें जेल की सजा हो सकती है और सार्वजनिक कार्यालय की जिम्मेदारी पर प्रतिबंध लग सकता है।
- *यह धन स्कूल कर्मचारियों की वेतन वृद्धि या पेंशन पर खर्च* ***नहीं किया जा सकता***, और प्रस्ताव 38 प्रशासन पर 1% से अधिक खर्च किए जाने पर रोक लगाता है।
- *खर्च करने के फैसले स्थानीय स्तर पर, जनता की राय लेने के बाद लिए जाएंगे।* जिलों को धन खर्च करने से पहले अभिभावकों, शिक्षकों और समुदाय की राय लेने के लिए प्रत्येक स्कूल स्थल पर खुली बैठक आयोजित **करनी होगी**।
- *स्कूल के जिले प्रत्येक स्कूल में सुधार के लिए जवाबदेह होंगे।* उन्हें हर स्कूल के लिए सालाना शैक्षिक सुधार लक्ष्य निर्धारित करना **होगा**, और सार्वजनिक तौर पर रिपोर्ट करना होगा कि धन कैसे खर्च किया गया और क्या सुधार लक्ष्य हासिल हुआ।

**स्कूलों को पुनः प्राथमिकता बनाएं। प्रस्ताव 38 पर हां मतदान करें।**

**CAROL KOCIVAR,** अध्यक्ष
कैलीफोर्निया स्टेट पैरेंट टीचर एसोसिएशन
**EDWARD JAMES OLMOS,** अभिनेता
**ARUN RAMANATHAN,** कार्यकारी निदेशक
एजुकेशन ट्रस्ट- वेस्ट

## ★ प्रस्ताव 38 के पक्ष में तर्क के लिए खंडन ★

हम सभी बेहतर स्कूल चाहते हैं।

लेकिन **नये कर के $120 बिलियन की राशि** नयी गैरजिम्मेदार राज्य नौकरशाही में लगाने से हमारे बच्चों के लिए शिक्षा की गुणवत्ता वापस नहीं आएगी।

व्यवस्था को सुधारने, नुकसान और गड़बड़ियों को दूर करने की बजाय प्रस्ताव 38 कर बढ़ाता है और एक गैरजिम्मेदार नौकरशाही में ज्यादा धन झोंकता है:

- प्रस्ताव 38 मध्य वर्ग के करदाताओं और छोटे व्यवसायों के लिए आयकर में जबर्दस्त इजाफा करने वाला है। यदि आपकी कर योग्य आय सालाना $8,000 या ज्यादा है, तो आपकी दर अगले **बारह वर्षों** के लिए 21% तक ज्यादा हो जाएगी।
- प्रस्ताव 38 पारिवारिक व्यवसायों पर खतरनाक तरीके से करों को बढ़ाकर छोटे व्यवसायों को बर्बाद कर देगा। पारिवारिक व्यवसायी एक व्यक्ति के तौर पर आयकर भरते और भुगतान करते हैं निगम के तौर पर नहीं।
- प्रस्ताव 38 छोटे और पारिवारिक व्यवसायों में नौकरियां खत्म कर देगा जहां ज्यदातर नौकरियां बढ़ रही हैं। ऊंचे बेरोजगारी दर के मामले में कैलीफोर्निया का देश में तीसरा नंबर है।
- प्रस्ताव 38 बारह वर्षों के लिए बदला नहीं जा सकता—यहां तक कि धोखाधड़ी और नुकसान के मामले में भी।
- प्रस्ताव 38 सैक्रामेंटो राजनीतिज्ञों को अपनी मर्जी के अनुरूप खर्च करने के लिए चार साल तक सालाना $3 बिलियन देता है।
- प्रस्ताव 38 मात्र मूल निधि प्रप्त करने के लिए जटिल लाल फीताशाही का चक्कर लगाने के वास्ते स्कूलों को बाध्य करके एक खर्चीली नयी नौकरशाही तैयार करता है, और नए कार्यक्रमों को अनिवार्य बनाता है जबकि स्कूल के आवश्यक कार्यक्रम खत्म कर दिए जाते हैं।
- प्रस्ताव 38 विद्यार्थियों का प्रदर्शन सुधारने के लिए आभासी तौर पर कुछ भी नहीं करता।

प्रस्ताव 38 पर नहीं मतदान करने में कैलीफोर्निया के शिक्षकों, चिकित्सकों, कानून प्रवर्तन अधिकारियों, करदाता संगठनों और छोटे व्यापारी नेताओं के साथ जुड़ें। *www.StoptheMiddleClassTaxHike.com.*

**ANDREW WONG,** सदस्य
पोमोना युनीफाइड स्कूल डिस्ट्रिक्ट, बोर्ड ऑफ एजुकेशन
**KEITH ROYAL,** अध्यक्ष
कैलीफोर्निया स्टेट शेरिफ्स एसोसिएशन
**RICHARD RIDER,** चेयरमैन
सैन डिएगो टैक्स फाइटर्स





*इस पृष्ठ पर मुद्रित तर्क लेखकों की राय है और इनकी किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए जाँच नहीं की गई है।*

## ★ प्रस्ताव 38 के खिलाफ तर्क ★

*प्रस्ताव 38 पर नहीः*

*ज्यदातर कैलीफोर्नियाई नागरिकों पर $120 बिलियन की आयकर वृद्धि*

यदि आपकी प्रतिवर्ष कर योग्य आय $17,346 या ज्यादा है, प्रस्ताव 38 आपकी कैलीफोर्निया व्यक्तिगत आयकर दर 21% तक बढ़ा देता है, यह उस भुगतान में सबसे ज्यादा है जो आप संघीय सरकार को करते हैं।

प्रस्ताव 38 कर वृद्धि 2024 तक जारी रहेगा। यदि आपका बच्चा पहली कक्षा में प्रवेश कर रहा है तो आप ज्यादा आयकर का भुगतान तब तक करेंगे जबतक वह बच्चा हाईस्कूल से ग्रेजुएट नहीं हो जाता।

यहां तक क जैसे अर्थव्यवस्था सुधरती है और ज्यादा लोग काम पर लौटते हैं, कर वृद्धि जारी रहती है। यहां तक कि हमारी शिक्षा व्यवस्था में आवश्यक सुधारों के बगैर, बुरे शिक्षकों को निकालने की योग्यता की तरह, कर वृद्धि तब भी जारी रहती है। प्रस्ताव 38 अगले बारह वर्षों के लिए हमें ऊंचे आयकर दर में बंद कर देता है—यह मायने नहीं रखता कि क्या!

राजनितिज्ञों और नौकरशाहों को नये करों में कई बिलियन डॉलर प्राप्त होते हैं, जिनकी आभासी तौर पर कोई जवाबदेही नहीं होती कि उन्होंने कैसे धनराशि खर्च की और वास्तव में कितना क्लास रूम में प्राप्त हुआ।

*छोटे व्यवसायों को निशाना बनाता है और नौकरियां खत्म करता है*

कैलीफोर्निया के तकरीबन 3.8 मिलियन छोटे व्यवसायी अपनी कमाई पर कार्पोरेट करों की बजाय व्यक्तिगत करों का भुगतान करते हैं। परिणामस्वरूप, छोटे व्यवसायी इन ऊंचे करों की वजह से तबाह हो जाएंगे—जबकि उनका व्यवसाय इतना छोटा जैसे $30,000 या $40,000 सालाना है।

रोजगार पैदा करने और अर्थव्यवस्था में सुधार करने की अपेक्षा प्रस्ताव 38 पारिवारिक व्यवसायों को नौकरी में कटौती, राज्य से बाहर जाने, या यहां तक कि व्यवसाय बंद करने के लिए बाध्य करेगा। यदि वे व्यापार में बने रहते हैं, तो ऊंचे करों के भुगतान के लिए कीमतें बढ़ाएंगे, जो अंततः उपभोक्ताओं पर जाएगा।

*स्कूल का प्रदर्शन सुधारने की जरूरत नहीं*

प्रस्ताव 38 के तहत स्कूलों का प्रदर्शन सुधारने अथवा बुरे शिक्षकों से निजात पाने की कोई जरूरत नहीं है। अत्यधिक धनराशि प्रशासन, सलाहकारों, पेंशन परिलाभों और ऊपरी खर्चों पर व्यय होती रहेगी और बहुत छोटी राशि क्लास रूम में खर्च की जाएगी। इस समय, कैलीफोर्निया के 24% विद्यार्थी हाईस्कूल से ग्रेजुएट नहीं हैं। प्रस्ताव 38 ज्यादा धनराशि एक ऐसी व्यवस्था में लगाता है जो विद्यार्थियों के परिणामों में सुधार की जरूरत समझे बिना हमारे बच्चों को फेल कर रही है।

*धोखाधड़ी या बर्बाद होने पर भी 12 साल तक कोई बदलाव नहीं*

प्रस्ताव 38 के सत्ताईस पन्नों में एक विशेष प्रावधान छिपा हुआ है जो सन 2024 तक इस उपाय में किसी भी प्रकार के बदलाव पर प्रतिबंध लगाता है (बगैर लोगों द्वारा अन्य मतदान के), यहां तक कि धोखाधड़ी, नुकसान या गड़बड़ी के मामले में भी।

*नये करों मे $120 बिलियन, लेकिन हमारे घाटे को कम करने के लिए कुछ भी नहीं*

प्रस्ताव 38 "सैक्रामेंटो" राजनीतिज्ञों को खर्च जारी रखने की अनुमति देता है। प्रस्ताव 38 में ऐसा कुछ भी नहीं है जो विशेष तैर पर घाटे को कम करने के लिए उपयोग की जाने वाली किसी भी प्रकार की धनराशि की जरूरत बताता हो और ऐसा भी कुछ नहीं है जो राजनीतिज्ञों को हमे उसी मेस में वापस लाने से रोकता हो जहां हम अभी हैं, यहां तक कि $120 बिलियन के नये करों के साथ।

प्रस्ताव 38 पर नहीः

- बेहतरीन छपाई और खामियों के 27 पृष्ठ
- ऊंचे करों में $120 बिलियन
- $17,346 से ऊपर कर योग्य आय वालों के लिए आयकर बढ़ाता है
- छोटे व्यवसाय को बर्बाद और नौकरियां खत्म करता है
- स्कूल का प्रदर्शन सुधारने की जरूरत नहीं
- बारह साल तक बदला नहीं जा सकता—धोखाधड़ी या नुकसान के लिए भी—बिना एक और मतदान के

*प्रस्ताव 38 पर नहीं—एक और त्रुटिपूर्ण, महंगी और गुमराह करने वाली पहल।*

**ALLAN ZAREMBERG,** अध्यक्ष
कैलीफोर्निया चैम्बर ऑफ कॉमर्स
**KEN WILLIAMS,** सदस्य
ऑरेंज काउंटी बोर्ड ऑफ एजुकेशन
**THOMAS HUDSON,** कार्यकारी निदेशक
कैलीफोर्निया टैक्सपेयर प्रोटेक्शन कमेटी

## ★ प्रस्ताव 38 के खिलाफ तर्क के लिए खंडन ★

हमारे स्कूल संकट में हैं। बजट कटौती $20 बिलियन। प्रति शिष्य खर्च के मामले में 50 राज्यों में 47वें स्थान पर। 40,000 शिक्षक हटाए जा चुके हैं। शिक्षा को प्राथमिकता देने की बजाय राजनीतिज्ञ कटौती कर रहे हैं।

प्रस्ताव 38 एक समाधान पेश करता है। इसके विरोधी कोई समाधान पेश नहीं करते, केवल गुमराह करने वाले हमले करते हैं।

- करों के बारे में डराने की रणनीति पर यकीन नहीं करें। प्रस्ताव 38 के तहत, आयकर दर 0.4% से 2.2% तक बढ़ेगी, 21% नहीं।
- $30,000 से $40,000 की आय वाले छोटे व्यवसाय बर्बाद **नहीं** होंगे। $25,000 और $50,000 के बीच आय के लिए प्रस्ताव 38 की औसत वृद्धि $54 है।
- प्रस्ताव 38 के तहत स्कूलों के लिए मिली धनराशि प्रत्येक स्थानीय स्कूल स्थल को प्रति शिष्य **अवश्य** मिलेगी। इसे वहांखर्च करना **होगा**—जहां विद्यार्थी हैं—और इसका उपयोग विद्यार्थियों के परिणामों मे सुधार में **होना चाहिए। सैक्रामेंटो राजनीतिज्ञ इस धन को छू नहीं सकते।**
- प्रस्ताव 38 स्कूल के धन को वेतन वृद्धि, पेंशन और अन्य परिलाभों में उपयोग पर **प्रतिबंध लगाता है**; प्रशासन पर खर्च 1% से बढ़ **नहीं सकता**।
- यहां वास्तव में जवाबदेही है। प्रस्ताव 38 स्वतंत्र ऑडिट और शैक्षिक परिणामों की रिपोर्टों के सार्वजनिक खुलासे की **जरूरत बताता है**। गलत आवंटन का प्रयास एक बड़ा अपराध है।
- **मतदाता** प्रस्ताव 38 में संशोधन कर सकते हैं, लेकिन **राजनीतिज्ञ नहीं**। यह प्रस्ताव 38 की इस गारंटी की रक्षा करता है कि विधानमंडल धन को स्कूलों से इतर नहीं लगा सकता।

प्रस्ताव 38 कटौतियों की बहाली और शैक्षिक परिणामों में सुधार के लिए 12 साल तक औसत $10 बिलियन स्कूलों को नयी फंडिंग की गारंटी देता है।

हम अपने बच्चों को शिक्षित करने और नियोक्ताओं को कुशल, उत्पादक कर्मचारी उपलब्ध कराने के लिए सार्वजनिक स्कूलों पर भरोसा करते हैं। स्कूलों में निवेश नहीं करने की स्थिति में हमारे बच्चों और अर्थ व्यवस्था को नुकसान पहुँचता है।

आप खुद *prop38forlocalschools.org* पर प्रस्ताव 38 का अध्ययन करें। स्कूलों को एक प्राथमिकता बनाएं। प्रस्ताव 38 पर हां।

**CELIA JAFFE,** अध्यक्ष
फोर्थ डिस्ट्रिक्ट पीटीए, ऑरेंज काउंटी
**ALEX KAJITANI**
2009 कैलीफोर्निया टीचर ऑफ द ईयर
**TINA REPETTI-RENZULLO**
2010–2011 लॉस एंजिल्स काउंटी टीचर ऑफ द ईयर



*इस पृष्ठ पर मुद्रित तर्क लेखकों की राय है और इनकी किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए जाँच नहीं की गई है।*